तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025



12 गुड़-मूंगफली लड्डू से लेकर महतारी वंदन व ...



13 भाजपा नफरत से राज करना चाहती है कांग्रेस ...






## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने बस्तर ओलम्पिक की तैयारियों का लिया जायजा



**जगदलपुर।** बस्तर ओलम्पिक के आगामी संभाग स्तरीय आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से कलेक्टर हरिस एस ने बुधवार को इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम का गहन निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्वयं स्टेडियम पहुंचकर चल रहे कार्यों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आयोजन को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, अनुविभागीय दंडाधिकारी ऋषिकेश तिवारी और लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता राजीव बतरा तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**पहल : कलेक्टर ने बढ़ाया मनोबल, कहा- सहभागिता ही सबसे बड़ी जीत**

# दिव्यांग बच्चों के खेल में दिखा अदम्य साहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इंदिरा स्टेडियम में बुधवार को विश्व दिव्यांग दिवस पर जिले के दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सर्व शिक्षा अभियान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिले के सभी सात विकासखंडों से दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया, जिससे पूरे वातावरण में नई ऊर्जा का संचार हुआ। आयोजन को और भी खास बनाने के लिए कलेक्टर हरिस एस स्वयं आयोजन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने न केवल प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि अपने उद्बोधन में उन्हें संबोधित करते हुए एक गहरा संदेश दिया। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि इन प्रतियोगिताओं में केवल खेल कौशल का प्रदर्शन नहीं हो रहा है, बल्कि यह जीवन में चुनौतियों का सामना करने की अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा हमारी

■ तीन वर्गों में आयोजित हुई प्रतियोगिता



दृष्टि में इन खेलों में हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण आपकी सहभागिता है। आप सभी ने जिस साहस और दृढ़ संकल्प के साथ इन प्रतियोगिताओं में शामिल होने का निर्णय लिया है वह अपने आप में एक बड़ी जीत है। उन्होंने सभी बच्चों को ट्रैक पर उतरने और खेल भावना दिखाने के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं, जिसने उनके आत्मविश्वास को और बढ़ाया। प्रशासन का एकजुट समर्थन भी इस आयोजन की सफलता का एक प्रमुख कारण रहा। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, अनुविभागीय दंडाधिकारी ऋषिकेश तिवारी और लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता राजीव बतरा, समग्र शिक्षा के सहायक परियोजना समन्वयक सूरज निर्मलकर, राजेश त्यागी सहित कई अन्य अधिकारी मंच पर उपस्थित थे। उनकी उपस्थिति ने यह सुनिश्चित किया कि खिलाड़ियों को यह

⏭ शेष पेज 12 पर

### कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, 50 मीटर स्प्रिंट, स्प्रिंट बॉल थ्रो आदि खेल हुए

*यह प्रतियोगिता समावेशी शिक्षा के सिद्धांत को नई ऊर्जा देते हुए आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य न केवल दिव्यांग छात्र-छात्राओं की खेल प्रतिभा को मंच देना था, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, सहभागिता और उत्साह का संचार करना भी था। प्रतियोगिता को प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेण्डरी स्तर पर विभाजित किया गया था। जिनके अनुरूप कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, 50 मीटर स्प्रिंट, स्प्रिट बॉल थ्रो, गोला फेंक, फुटबॉल, मटका फोड़, एकल गीत और सामूहिक गीत जैसी रोचक स्पर्धाएं तय की गईं। इन स्पर्धाओं ने न केवल बच्चों की क्षमताओं को परखा, बल्कि उनके भीतर आनंद और आत्मविश्वास भी जगाया। प्रतियोगिता के सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को उनके जज्बे के लिए सम्मानित किया गया। यह दिन जगदलपुर के लिए न केवल खेल का दिन रहा, बल्कि आशा, प्रेरणा और समावेश के मजबूत संदेश का दिन भी बन गया।*

# प्राथमिकता से पूर्ण होंगे सभी कार्य : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर में आज 1 करोड़ 10 लाख रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव तथा महापौर संजय पांडे ने संयुक्त रूप से किया। शहर में जलभराव की दीर्घकालिक समस्या को समाप्त करने के लिए पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड में 25 लाख की लागत से पुलिया निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इसी क्रम में बलिराम कश्यप

■ शहर में 1 करोड़ 10 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन



वार्ड में कार गैराज से अयप्पा मंदिर तक दोनों ओर 15 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक कार्य का शुभारंभ किया गया। चंद्रशेखर आजाद वार्ड में व्यायामशाला भवन 20 लाख तथा जिम सामग्री 25 लाख की लागत से तैयार कर लोकार्पित की गई। वहीं भूतहा तालाब के चारों ओर 20 लाख की लागत से बाउंड्रीवॉल निर्माण और लालबाग उद्यान में 5.37 लाख की लागत से सोलर हाईमास्ट लाइट

⏭ शेष पेज 12 पर

# उड़नदस्ते ने जांच कर 1718 वाहनों पर 53.05 लाख का किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

परिवहन विभाग का उड़नदस्ता बस्तर संभाग के रायपुर, ओडिशा, बीजापुर, किरंदुल, कोंटा आदि सड़कों में वाहनों की जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसमें नवंबर माह में 1718 वाहनों से लगभग 53 लाख 4 हजार 891 रुपए का जुर्माना किया गया। साथ ही जांच में एक वाहन ओव्हरलोड मिले जिन पर 12 हजार रुपए राजस्व वसूला गया। इसके अलावा 1636 वाहनों से 21 लाख 16 हजार रूपए, मोटरयान कर 57



वाहनों से 28 लाख 74 हजार 191 रूपए एवं 25 ई-चालान से 3 लाख 14 हजार 700 रूपए समझौता शुल्क लिया गया। सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, ओडिशा के वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिल रहे

⏭ शेष पेज 12 पर

# बस्तर कमिश्नर लेंगे समीक्षा बैठक 24 को

**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह की अध्यक्षता में 24 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे आयुक्त कार्यालय के शक्ति सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक रखी गई है। संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान कमिश्नर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यकर्ता, सहायिका के रिक्त-भरे पदों की जानकारी, पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन के प्रगति की समीक्षा, टीएचआर योजना की प्रगति की समीक्षा,आंगनबाड़ी केन्द्रो में दरी, बर्तन, विद्युत की उपलब्धता, मोतियाबिंद से पीड़ितों का आपरेशन और कृत्रिम अंग प्रदाय की जानकारी के संबंध में भी चर्चा करेंगे।

# अब विदेश की तर्ज पर बस्तर में भी मिलेंगे स्मार्ट ड्राइवर

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सड़क सुरक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से सरकार ने एक महत्वाकांक्षी योजना के तहत अत्याधुनिक ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जा रही है। इन केंद्रों पर विदेशों की तर्ज पर स्मार्ट ड्राइवर मिलेंगे, क्योंकि आधुनिक उपकरणों के माध्यम से नए वाहन चालकों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे सड़क हादसों में कमी लाने की उम्मीद है। सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए बस्तर जिले के कुरंदी में 3.50 करोड़ रूपए की लागत से क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र आरडीटीसी स्थापित किए जा रहे हैं। इसके स्थल में हॉल ही में आरटीओ टीम के साथ निरीक्षण किया। इन केंद्रों का उद्देश्य आधुनिक और वैज्ञानिक तरीके से ड्राइवरों को प्रशिक्षित करना है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। इसके तहत ड्राइवरों को अच्छी ड्राइविंग आदतें सिखाई जाएंगी और ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाएगा, साथ ही परिवहन क्षेत्र

■ 3.50 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र



⏭ शेष पेज 12 पर

# 2 भालुओं ने गांव में मचाया उत्पात गन्ना फसल को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

ग्राम घाटलोहंगा में मंगलवार देर रात दो जंगली भालुओं ने किसानों की गन्ना की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाया है। रात करीब 8 से 1 बजे के बीच दोनों भालू गन्ना खेत में घुसे और फसल को रौंदते हुए बर्बाद कर दिया। घटना स्थल पर फैली टूटी-गिरी फसल और पैरों के निशान से नुकसान का अंदाजा लगाया गया है। किसानों के अनुसार करीब 60 हजार रुपए की फसल नष्ट हो गई है। घटना के अगले दिन वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करती दिखाई दी। उन्होंने पूरे खेत का मुआयना कर पंचनामा तैयार किया और नुकसान का जायजा



लिया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 20 दिनों से भालुओं की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थिति को देखते हुए ग्राम कोटवार ने मुनादी कर लोगों को रात में घर से बाहर न निकलने की चेतावनी दी है। पीड़ित किसान मनोराम कश्यप पिता घनोराम कश्यप निवासी कुदालगांव पारा गुच्छागुड़ा ने

⏭ शेष पेज 12 पर







## खबर संक्षेप



### कुम्हारपारा केंद्र पर रघुनाथ ने बेचा 70 क्विंटल धान

कोण्डागांव। खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों पर धान खरीदी सुचारु रूप से चल रही है। विकासखंड के कुम्हारपारा केंद्र पर आज किसान रघुनाथ नेताम अपनी मां श्रीमती



कलाबती नेताम जिनका नाम पंजीकृत है के नामिनी के रूप में धान बेचने पहुंचे। रघुनाथ ने बताया आज 70 क्विंटल धान बेचा। टोकन समय पर मिला, बारदाना था, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा सही चला, कोई दिक्कत नहीं हुई। 3100 रुपये प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य भी मन को अच्छा लगा। उन्होंने शासन और जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा सब कुछ पारदर्शी है, अब किसानों को भरोसा हो गया है। जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों पर छाया, पानी, बैठने की कुर्सी, शौचालय और त्वरित तौल–भुगतान की पूरी व्यवस्था की है।

### अत्याधिक ठंड के कारण स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग

केशकाल। छतीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला कोड़ागांव के जिला अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़ ने कलेक्टर बस्तर को पत्र प्रेषित कर अत्यधिक ठंड के कारण प्रातः कालीन स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग की है। कलेक्टर बस्तर को प्रेषित पत्र में बताया कि जिले में कई स्कूल दो पाली में लगाई जाती है। प्रथम पाली में लगने वाले स्कूलों का समय प्रातः 7:30 बजे से निर्धारित है। क्षेत्र में ठंड बढ़ने से प्रातः काल लगभग 7 बजे तक घना ठंडा कोहरा छाया रहता है। इतनी ठंड में सुबह 7 बजे छोटे बच्चों को स्कूल आना उनके स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल है। ठंड को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन कर प्रातः 7:30 बजे के स्थान पर 8:30 बजे स्कूल लगाया जाए। बाकी दिवस भी एक ही पाली में लगने वाली शालाओं में सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे संचालन का आदेश जारी किया जाए।

# एसआईआर ने बूढ़े मां बाप को लौटाई खुशियां, 13 साल बाद घर वापस आई बेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

समूचे छत्तीसगढ़ में इन दिनों एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। जिसको लेकर के प्रशासन युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। ऐसे में प्रदेश अलग इलाकों से नई नई कहानियां भी निकाल कर सामने आ रही हैं। ऐसी ही एक रोचक कहानी केशकाल से सामने आई है। जहां वर्ष 2012 में एक नाबालिग बच्ची पारिवारिक परेशानियों के चलते तनाव में आकर घर छोड़कर रायपुर चली गई थी। घर वालो ने वर्षों तक पता तलाश करने के बाद उसके मिलने की पूरी उम्मीद छोड़ दी थी। लेकिन अब जो एसआईआर के लिए दस्तावेजों की आवश्यकता पड़ी तो उनकी बेटी सुनीता यादव लगभग 13 साल बाद वापस अपने घर लौटी है। इस बारे में सुनीता से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि पिताजी के द्वारा आए दिन शराब पीने और मारपीट करने से परेशान होकर मैं वर्ष 2012 में घर छोड़कर चली गई थी। मैं रायपुर में ही एक दादी अम्मा के घर मे रहकर अपना जीवन यापन कर रही थी। उन्होंने कहा था कि जब तू बालिग हो जाएगी तब मैं तेरी शादी भी करवाउंगी। लेकिन 2019 में उनका देहांत हो गया। इस दौरान कई बार मुझे लौट कर वापस घर आने का मन तो किया लेकिन पिताजी के डर के कारण वापस घर लौटने की हिम्मत नहीं हुई।

## रायपुर में रहकर ही जीवन यापन कर रही थी सुनीता

### गुमशुदगी के रिपोर्ट की जानकारी मिली तो स्वयं थाना भी पहुंची सुनीता



केशकाल टीआई ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वर्ष 2012 में एक नाबालिग बच्ची के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उसकी लगातार पता तलाश भी की जा रही थी। अब 13 वर्ष बाद गुम बालिका सविता यादव स्वयं केशकाल पहुंची थी, जब उसे घरवालों से पता चला कि थाने में उसके गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। तो वह स्वयं थाना भी पहुंची। फिलहाल उसका विस्तृत कथन लिया जा रहा है, ततपश्चात आगामी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।



### एसआईआर नहीं होता तो शायद घरवालों से कभी नहीं मिल पाती

सुनीता ने बताया, एसआईआर के लिए जब बीएलओ ने मुझसे दस्तावेज मांगे तो उसमें माता-पिता का परिचय पत्र मतदाता सूची में नाम एवं अन्य दस्तावेजों की आवश्यकता पड़ी। लेकिन मेरे पास कोई दस्तावेज नहीं थे इसलिए मैं रायपुर से केशकाल आई हूं। इतने सालों के बाद माता-पिता से मिलकर मुझे काफी खुशी हुई और वह भी मुझे देखकर काफी खुश नजर आए। अगर ऐसा आर के लिए दस्तावेजों की आवश्यकता नहीं पड़ती तो शायद मैं वापस केशकाल कभी नहीं आती। लेकिन अब जो की घरवालों से मेरा संपर्क हो गया है और घर की स्थिति भी सामान्य है। ऐसे में अब मैं समय-समय पर अपनी माता-पिता से मिलने केशकाल आया करूंगी।

## आयोजन : पुलिस लाइन में लगाई गई सुपोषण चौपाल

# गुड़-मूंगफली लड्डू से लेकर महतारी वंदन व सुरक्षा तक की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस लाइन आवास परिसर में सुपोषण चौपाल जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिसकर्मियों की पत्नियां, बेटियां, किशोरियां और महिला पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में शामिल हुईं।

▪ महिला एवं बाल विकास विभाग ने पुलिसकर्मियों के परिवारों को बनाया जागरूक

चौपाल में बच्चों, किशोरियों और दूध पिलाने वाली माताओं का पोषण सुधार कुपोषण, एनीमिया और बौनापन रोकने के घरेलू उपाय रोजाना गुड़, मूंगफली लड्डू, भिगोया चना–मूंग, रेडी–टू–ईट पदार्थ खाने की सलाह दी गई। महतारी वंदन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना वन स्टॉप सेंटर, हेल्पलाइन की पूरी जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं ने खूब सवाल किए और पोषण किट भी प्राप्त की। पुलिसकर्मियों की पत्नियों ने कहा अब घर में पौष्टिक खाना बनाना और आसान हो गया। बच्चों की सेहत का पूरा ध्यान रखेंगे।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डीएसपी रूपेश कुमार, रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक कौशल नेताम, चन्द्रशेखर राना, परियोजना अधिकारी संजय पोटाई, संरक्षण अधिकारी सावित्री कोर्राम, जिला मिशन समन्वयक रीना सिंह, जेण्डर विशेषज्ञ माधुरी उसेण्डी, सुपरवाईजर अमीन अली सहित केस वर्कर पुष्पेन्द्र कुमार मरकाम एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### सैन्य प्रशिक्षणार्थियों को पोषण सामग्री का वितरण

विकास नगर स्टेडियम में 3 दिसंबर को आहार एवं पोषण अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा संचालित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक–युवतियों को संतुलित आहार के महत्व से अवगत



कराया गया। बस्तर विकास एवं सेवा संस्था के अध्यक्ष सिद्धार्थ महाजन की पहल पर, नगर पालिका परिषद कोंडागांव के अध्यक्ष नरपति पटेल ने प्रशिक्षणार्थियों को पोषण जूस, टूथपेस्ट, शैंपू, गुलाब जल, के पैकेट वितरित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थी युवाओं में संतुलित आहार, स्वास्थ्य, साफ–सफाई, मानसिक एवं शारीरिक विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। संस्था अध्यक्ष महाजन ने कहा सिद्धार्थ महाजन ने निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने बस्तर विकास एवं सेवा संस्था और सिद्धार्थ महाजन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पोषण सामग्री का यह सहयोग प्रशिक्षणार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। इस अवसर पर सूरज यादव जिला अध्यक्ष, सोमेश्वर भारती कोषाध्यक्ष, श्रीकांत तिवारी सदस्य, तथा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे अनेक युवक–युवतियां उपस्थित रहे।

## आईएएस संतोष वर्मा के बयान से ब्राह्मण समाज में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ब्राह्मण समाज जिला कोंडागांव द्वारा आईएएस संतोष वर्मा के उस कथित बयान पर कड़ा विरोध दर्ज किया गया है, जिसमें समाज की बेटियों के सम्मान से जुड़े मुद्दे पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। समाज के जिला अध्यक्ष सुरेश प्रसाद मिश्र सहित पदाधिकारियों ने कहा कि एक उच्च प्रशासनिक पद पर बैठे अधिकारी द्वारा जाति व बेटियों के सम्मान से जुड़े विषय पर इस प्रकार की टिप्पणी किसी भी स्थिति में स्वीकार योग्य नहीं है। समाज ने इसे भावनाओं को आहत करने वाला बयान बताया। ब्राह्मण समाज ने प्रशासन से तत्काल जांच कर दोषी अधिकारी पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की। समाज का कहना है कि ऐसे बयान सामाजिक सौहार्द पर भी गहरा प्रभाव डालते हैं। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्पष्ट दिशा–निर्देश बनाने की मांग करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

▪ बेटियों के सम्मान पर आपत्तिजनक टिप्पणी का कड़ा विरोध

### बैठक में शामिल रहे समाजजन

बैठक में गोपाल दीक्षित, पवन झा, अवधेश पांडेय, अमरेश झा, मनोज तिवारी, धर्मेश तिवारी, नितिनेश मिश्र, सचिन मिश्र, कमलेश दूबे सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## व्याख्याता बने प्राचार्य तो स्कूलों में शिक्षक हो गए कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

राजधानी रायपुर के दानी स्कूल से 10 और शांतिनगर कन्या स्कूल से 6 व्याख्याता प्राचार्य बनकर रिलीव हुए जिससे काफ़ी विकट समस्या उतपन्न हो गयी है। उल्लेखनीय हो कि प्रदेश के 1297 व्याख्याता पदोन्नति के पश्चात प्राचार्य तो बन गए लेकिन हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए व्याख्याताओं का टोटा हो गया है। राजधानी के ही कई स्कूलों में 6 से लेकर 10 व्याख्याता पदोन्नत होकर दूसरे स्कूलों में प्राचार्य बनकर चले गए हैं।



▪ हाई व हायर सेकंडरी स्कूल की पढ़ाई हो रही प्रभावित

स्कूल शिक्षा विभाग में लंबे इंतजार के बाद व्याख्याता पदोन्नत होकर प्राचार्य बन गए हैं। 6 माह पहले पदोन्नत प्राचार्यों को पोस्टिंग ऑर्डर भी मिल गया। ज्यादातर प्राचार्यों ने शुक्रवार को पदांकित स्कूलों में जॉइन भी कर लिया। सालों के इंतजार के बाद पदोन्नति मिलने से नवपदस्थ प्राचार्यों में खुशियां हैं तो सैकड़ों हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में गणित, जीव विज्ञान, रसायन, कॉमर्स, अंग्रेजी व्याख्याताओं के पद खाली हो गए हैं। स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने वाले व्याख्याता नहीं है। 20 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं होनी है। अगले माह छमाही परीक्षा और 1 जनवरी से प्रैक्टिकल परीक्षा होनी है प्राइमरी और मिडिल के शिक्षकों के अलावा बड़ी संख्या में व्याख्याताओं की ड्यूटी बीएलओ के रूप में लगाई गई है । एक ओर कई व्याख्याता पदोन्नति के पश्चात प्राचार्य बनकर रिलीव हो गए और दूसरी ओर कई व्याख्याताओं को बीएलओ बनाए जाने से हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पढ़ाई का बुरा हाल है। व्याख्याताओं के प्राचार्य बनकर जाने और बचे हुए व्याख्याताओं को बीएलओ बनाए जाने के कारण स्कूलों में पढ़ाई ठप है। बच्चों के अलावा स्कूलों के प्राचार्य भी परेशान हैं। प्राचार्यों पर 10 वीं एवं 12वीं का रिजल्ट बेहतर करने का दबाव है, वहीं व्याख्याता नहीं होने से प्राचार्य भी मजबूर हैं। प्रोजेक्ट की परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। ऐसे में व्याख्याताओं के नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी।

## मासूम रात को सो रहे दहशत में, आधी रात को नींद से जगाकर की जाती है मारपीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला के भोपालपटनम ब्लॉक अंतर्गत नरोनापल्ली में संचालित आदिवासी बालक आश्रम से लापरवाही और बच्चों पर अत्याचार का मामला सामने आया है। आश्रम में रहकर पढ़ने वाले बच्चों ने खुलासा किया है कि हम दहशत में रहते हैं और रात में सोने से डर लगता हैं। बच्चों का आरोप है कि आश्रम में कार्यरत दो खानसामा आधी रात को नशे में धुत होकर गहरी नींद में सो रहे बच्चों को गालियां देते हुए उठाते हैं और मारपीट करते हैं। इतना ही नहीं, कर्मचारियों द्वारा बच्चों को धमकी दी जाती है कि यदि उन्होंने इस बारे में किसी से शिकायत की तो उनके साथ और भी बुरा होगा। पीड़ित बच्चों ने बताया कि आश्रम में भोजन की स्थिति बेहद खराब है। खाने में सिर्फ मिर्च से भरा हुआ दाल और अपर्याप्त भोजन दिया जाता है, जिससे परेशान हैं। घटना को लेकर एकीकृत आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त देवेंद्र पाटले से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, परंतु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। गौरतलब है कि जिले में संचालित आश्रमों में इस तरह की पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्रवाई करने के बजाय ऐसे कर्मचारियों को पनाह दी जाती है इससे विभाग की कार्यप्रणाली और बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

## पीएससी में सातवीं रैंक हासिल करने वाले अंकुश का सीएम ने किया सम्मान

टॉप 10 में जगह बनाने वाले बस्तर संभाग से अकेले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परिणाम में सातवीं रैंक के साथ टॉप 10 में जगह पाने वाले पूरे बस्तर संभाग से एकलौते अंकुश बेनर्जी का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में अपने निवास में सम्मान किया। साथ ही माला पहनकर इस उपलब्धि के लिए अंकुश का उत्साहवर्धन भी किया। बता दें पहली बार नारायणपुर जिले से किसी छात्र ने छत्तीसगढ़ पीएससी की टॉप टेन सूची में स्थान बनाया है।

### नारायणपुर का नाम सुनकर चौके मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री निवास पर पीएससी में टॉप 10 स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मान हेतु आमंत्रण किया गया था। टॉप 10 में स्थान बनाने वाले अधिकतर विद्यार्थी दुर्ग और रायपुर संभाग के हैं। परिचय के दौरान जैसे ही अंकुश बेनर्जी ने बताया वे बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले से है, वैसे ही मुख्यमंत्री चौंक पड़े और प्रशंसा करने लगे।

### माता-पिता की सेवा एवं समर्पण का भी हुआ सम्मान

अंकुश बेनर्जी अपने पिता, नगर के किराना व्यवसायी एवं योग प्रशिक्षक सुबोध बेनर्जी एवं माता सुप्रिया बेनर्जी के साथ रायपुर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने अंकुश के माता-पिता अंकुश के माता-पिता का भी उनके सेवा और समर्पण के लिए सम्मान भी किया। माता-पिता ने इसे उनके निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया। वही उनके बड़े भाई अभिषेक बेनर्जी और नारायण बेनर्जी ने भी सम्मान के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

### पीएससी परीक्षा में सभी स्तर पर पारदर्शिता की प्रशंसा

जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी ने टॉप 10 के सभी विद्यार्थियों को अपना अनुभव पूछा तब नारायणपुर के अंकुश बेनर्जी ने बताया, वर्तमान सरकार ने पीएससी परीक्षा में सभी स्तर पर पूर्ण पारदर्शिता रखी है। जिसका परिणाम है कि जिन्होंने वास्तव में मेहनत की उन्हें ही उनके परिश्रम का उचित फल मिला। जिससे प्रतिभागियों में उत्साह है।



## जागरुकता ही एचआईवी से बचाव का सबसे बड़ा साधन : डॉ. आत्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

एड्स डे के अवसर पर आज महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि युवाओं को तथ्यों पर आधारित जानकारी अपनाकर सुरक्षित एवं जिम्मेदार व्यवहार करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संतोष ठाकुर ने एचआईवी याने एड्स के कारण, संक्रमण के तरीके, रोकथाम एवं समाज में फैली भ्रांतियों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वैज्ञानिक तथ्यों और सुरक्षित व्यवहार की महत्ता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के प्रति सही जानकारी अपनाने, सुरक्षित व्यवहार करने, समाज में जागरुकता फैलाने, तथा भेदभाव का विरोध करने की शपथ दिलाई गई। छात्रें ने एकजुट होकर सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

### विद्यार्थी निभाएं सक्रिय भागीदारी

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. किरण नुरुटी, डॉ. पुरोहित सोरी, श्रीमती रूपा सोरी सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। रेड रिबन क्लब प्रभारी समलेश पोटाई ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया। क्लब के स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने पूरे अनुशासन और उत्साह के साथ व्यवस्थाएं संभालीं। पूरा कार्यक्रम शिक्षण, जागरुकता एवं सामाजिक संवेदनशीलता पर केंद्रित रहा। अंत में प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्र- छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सामाजिक जागरुकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

## दिव्यांगजन दिवस पर करुणा भवन पहुंची सचिव



कोण्डागांव। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव गायत्री साय ने करूणा भवन में रह रहे दिव्यांगजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उपलब्ध सुविधाओं, पुनर्वास सेवाओं, चिकित्सकीय सहायता, शिक्षण–प्रशिक्षण व्यवस्था तथ दिव्यांगजनों तक पहुंचाई जा रही सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दिव्यांगजनों समाज के अभिन्न अंग हैं। उनके सम्मान, अधिकारों तथा आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी। उन्होंने विशेष रूप से सहायक उपकरणों की उपलब्धता भोजन, स्वास्थ्य तथा सुरक्षा मानकों में और सुधार करने पर बल दिया। इस अवसर पर पैरालीगल वालिंटियर रंजन बैध, लोकेश यादव तथा संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनंतपुर पुलिस की बड़ी पहल : सायबर ठगी रोकने ग्रामीणों को दी जानकारी

# साप्ताहिक बाजार में सुरक्षा, पुलिस ने चलाया यातायात व साइबर जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मालगांव के साप्ताहिक बाजार में अनंतपुर थाना पुलिस ने ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। ओटीपी शेयर न करना, व्हाट्सएप की अनजान कॉल से बचना, लॉटरी ठगी से सतर्क रहने जैसे उपाय बताए गए। साथ ही ठगी होने पर टोल फ्री नंबर 1930 पर तुरंत सूचना देने की अपील की गई।

पुलिस टीम ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और समाज में नशा उन्मूलन के लिए सहयोग की अपील की। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति ऐप




की उपयोगिता बताई और इसे डाउनलोड करने प्रेरित किया। ग्रामीणों को महिलाओं से संबंधित अपराध, बाल अपराध, लैंगिक अपराध और नए कानूनों की जानकारी दी गई। पुलिस ने संवेदनशील मामलों में तुरंत शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। पुलिस ने वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज, आरसी बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन एवं परमिट—हमेशा साथ रखने की सलाह दी। दोपहिया वाहन पर हेलमेट और चारपहिया में सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने पर जोर दिया गया। तेज गति से वाहन न चलाने की भी सख्त समझाइश दी गई।

### किरायेदार सत्यापन और मुसाफिर चेकिंग लगातार जारी

पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर किरायेदारों का सत्यापन और मुसाफिर चेकिंग की जा रही है। अब तक 72 किरायेदारों का सत्यापन पूरा किया गया है तथा बाहरी क्षेत्रें से आने वाले मुसाफिरों व फेरी वालों की जांच कर उनका विवरण रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा है।

## पेज 11 के शेष

### दिव्यांग बच्चों के ....

महसूस हो कि जिला प्रशासन उनकी प्रतिभा को पहचानता है और उनके हर प्रयास में उनके साथ खड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन दिव्यांगजन सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जो उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी विशिष्ट प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।

### प्राथमिकता से पूर्ण ...

लगाने का भूमिपूजन भी किया गया। इस अवसर पर विधायक किरण देव ने कहा कि विकास कार्य अनवरत जारी हैं और इनमें धनराशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा चौमुखी विकास की ओर अग्रसर है। जलभराव जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान में सरकार दृढ़ संकल्पित है। हर कार्य जनता की मांग के अनुरूप प्राथमिकता से पूरा होगा।

समन्वित प्रयास से निरन्तर विकास : महापौर संजय पांडे ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व की दूरदर्शी सोच और नगर निगम के समन्वित प्रयासों से शहर में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। पुलिया, पेवर ब्लॉक, व्यायामशाला और पार्क में हाईमास्ट लाइट जैसे कार्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेंगे। निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूर्ण किए जाने का संकल्प दोहराया : आज शहर में 1 करोड़ 10 लाख रुपए के विकास कार्यों का एक साथ लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया,जिसमें पुलिया निर्माण, पेवर ब्लॉक सड़क, व्यायामशाला भवन व उपकरण, बाउंड्रीवॉल तथा हाईमास्ट लाइट शामिल हैं। यह सभी कार्य शहर की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखकर किए गए हैं, विशेषकर जलभराव की समस्या के समाधान के लिए प्रमुख वार्डों में पुलिया निर्माण को प्राथमिकता दी गई है।

### उड़नदस्ते ने जांच ....

हैं, जिन पर सख्ती कार्रवाई की। इसके अलावा सड़क के दोनों ओर नो-पॉर्किंग में खड़े वाहनों को हटाया जा रहा है, दूसरी बार नो-पॉर्किंग में खड़े वाहनों को जब्ती की जाएगी।

वाहनों पर हो रही सख्ती: परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार साहू ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले वाहनों पर सख्ती की जा रही है। वाहन चालकों को कहा कि परिवहन नियमों का उल्लंघन नहीं करें।

### अब विदेश की तर्ज ....

में रोजगार के अवसर भी होंगे। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना, अच्छी ड्राइविंग आदतें विकसित करना और ड्राइवरों के कौशल का परीक्षण किया जाएगा। ड्राइवरों को प्रशिक्षित करने के लिए आधुनिक उपकरणों और सिमुलेटर का उपयोग किया जाएगा। ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाया जाएगा।

आधुनिक तकनीक और सख्त परीक्षा: बताया जा रहा है कि प्रशिक्षण केंद्रों की एक मुख्य विशेषता यह होगी कि वाहन चालकों की परीक्षा स्वचालित मशीनों के माध्यम से ली जाएगी। वाहन सुरक्षा को बेहतर बनाएंगे और सड़क हादसों को कम करने में मददगार होंगे।

विभाग को मिलेगी राहत : संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि परिवहन विभाग के मुख्यालय से कुरंदी में क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिसका निरीक्षण किया। इस केन्द्र से विभाग को राहत मिलेगी।

### 2 भालुओं ने गांव ....

बताया कि भालुओं के लगातार विचरण के कारण गन्ना फसल को नुकसान हुआ, लेकिन मंगलवार की रात दोनों भालुओं ने पूरी खड़ी फसल को तहस-नहस कर दिया। किसान ने शासन से फसल नुकसान का मुआवजा प्रदान करने की मांग की है, ताकि हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके। इस अवसर पर सूरज कुमार कश्यप वन पाल परिक्षेत्र सहायक बस्तर, जुगधर ठाकुर बीएफओ, लछू नाग चौकीदार, गमला कश्यप, कोटवार दीनबंधु कश्यप एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को किया याद



**भानपुरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विकासखंड बस्तर में आज हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद के हॉकी में योगदान के बारे में विद्यालय के बच्चों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर बीमा सलाहकार भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता मुकेश जे सोनी के द्वारा विद्यालय को हॉकी स्टिक एवं हॉकी गेंद उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में इन बच्चों को हॉकी के बारे में जानने और हॉकी खेलने का अवसर प्राप्त हो सके। इसके लिए विद्यालय परिवार की ओर से ताम्रध्वज साहू व्याख्याता के द्वारा सोनी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### 20 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरण में मृतिका सुषमा सोढ़ी के निकटतम वारिस उनकी माता लच्छी सोढ़ी निवासी ग्राम तालनार तहसील भैरमगढ़ को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह तालाब में डुबने से मृत्यु के प्रकरणों में मृतक नवीन हपका के निकटतम वारिस उनके पिता मोटू हपका, मृतक दिनेश कोरसा के निकटतम वारिस उनके पिता लच्छु कोरसा, मृतिका मनिता हपका के निकटतम वारिस उनके पिता मोटु हपका एवं मृतिका मोतिबाई बोडडू के निकटतम वारिस उनके पति जगनाथ बोडडू निवासी ग्राम पदेड़ा तहसील गंगालूर प्रत्येक को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायक राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### सौर ऊर्जा का प्रकाश, ग्रामीण जनजीवन में लाया उजाला

**दंतेवाड़ा।** ऊर्जा के गैर परम्परागत एवं नवीनीकरण योग्य स्त्रोत के विकास के अन्तर्गत अक्षय उर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा अविद्युतीकृत ग्रामों में सुलभ घरेलू प्रकाश मुहैया कराया जाना ग्रामीण जन जीवन में एक बड़ा बदलाव साबित हुआ है। विशेषतौर पर दूरस्थ वनांचल के ग्राम जो अंधेरे में रहने के लिए अभिशप्त थे। वे आज सोलर होम लाईट संयंत्र, सौलर फोटो वॉल्टाईट सेल और हाई मास्ट की रोशनी से सराबोर है। जिन ग्रामों की गलिया चौक चौराहे षाम होते ही सुनसान हो जाती थी, अब वही ग्राम देर रात्रि तक चहल पहल से आबाद रहते है। इस क्रम में जिले के नियद नेल्लानार योजना (आपका अच्छा गांव) के तहत शामिल ग्रामों में भी क्रेडा द्वारा अपनी योजनाओं का महत्वपूर्ण क्रियान्वयन किया जा रहा है।

**प्रेसवार्ता :** नव नियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन पर बोला हमला

# भाजपा नफरत से राज करना चाहती है कांग्रेस मोहब्बत से जवाब देगी : हरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष हरीश कवासी ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा सरकार और जिला प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया से जिले के कई आदिवासी अपने मताधिकार से वंचित होने की कगार पर हैं, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है।

■ एसआईआर प्रक्रिया से कई आदिवासी मताधिकार से वंचित

घुसपैठियों के मुद्दे पर भाजपा को घेरते हुए हरीश ने कहा कि 2014 से केंद्र में भाजपा की सरकार है। बाहरी लोगों की कथित घुसपैठ अगर हुई है, तो इसके लिए सीधे तौर पर केंद्र सरकार की नाकामी जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि जहां चुनाव आते हैं, वहां भाजपा घुसपैठ का मुद्दा उठाती है, लेकिन ठोस कार्रवाई कहीं नजर नहीं आती। यह सिर्फ राजनीतिक ध्रुवीकरण का प्रयास है। भाजपा देश को आपस में लड़ाकर राज करना चाहती है, लेकिन राहुल गांधी नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम कर रहे हैं और इसी वजह से भाजपा की राजनीति को चुनौती मिल रही है।

### जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी पर खरा उतरने का भरोसा

हरीश कवासी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर जो भरोसा जताया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कोंटा विधानसभा की जनता ने लगातार 6 बार कवासी लखमा पर भरोसा जताया, उस विश्वास को बनाए रखने की जिम्मेदारी भी पार्टी की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक मजबूत किया जाएगा, ताकि जनता की आवाज सड़कों से लेकर सदन तक पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव से पहले प्रदेश की जनता से जो वादे किए थे, उनमें से कोई भी धरातल पर पूरे नहीं हुए। कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभाते हुए जनता से जुड़े हर मुद्दे पर सरकार को जवाबदेह बनाएगी, चाहे इसके लिए जमीनी स्तर पर आंदोलन ही क्यों न करना पड़े।

#### पंचायतों के साथ भेदभाव,फंड रोकने का आरोप

हरीश कवासी ने कहा कि पंचायत चुनाव हुए लगभग एक साल बीत चुका है, लेकिन अब तक पंचायतों को बुनियादी सुविधाओं के लिए राशि नहीं मिली है न सरकार गंभीर है, न जिला प्रशासन। उन्होंने आरोप लगाया कि बस्तर में उपलब्ध डीएमएफ की राशि सुकमा जिले की ग्राम पंचायतों को जारी नहीं की जा रही है। कई पंचायतों में विकास कार्यों की राशि के वितरण में स्पष्ट भेदभाव किया जा रहा है। सत्ता पक्ष से जुड़ी पंचायतों को फंड दिया जा रहा है, जबकि विपक्षी पंचायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। कवासी ने कहा कि मांग पत्र लेकर जाने पर कलेक्टर कार्यालय में यह पूछा जा रहा है कि आप किस पार्टी से हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि जिला प्रशासन के जिम्मेदार ही राजनीति करना चाहते हैं, तो उन्हें प्रशासनिक पद से इस्तीफा देकर खुलकर राजनीति में आ जाना चाहिए। लेकिन प्रशासनिक पद पर रहकर भेदभाव किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जिला प्रशासन का यही रवैया जारी रहा, तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

#### किसानों की हालत बदतर धान खरीदी नहीं हुई शुरू

हरीश कवासी ने कहा कि भाजपा सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने का दावा किया था, लेकिन सुकमा जिले में अब तक खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। किसान परेशान हैं। उनसे हमाली और बारदाने का पैसा वसूला जा रहा है, जबकि कांग्रेस शासनकाल में किसानों से एक भी पैसा नहीं लिया गया था और समर्थन मूल्य की पूरी राशि दी जाती थी। उन्होंने कहा कि सुकमा एक अतिसंवेदनशील जिला है, लेकिन यहां स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति बदहाल है। जहां डॉक्टरों की जरूरत है, वहां डॉक्टर नहीं हैं। पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को भटकना पड़ रहा है, जो व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

### गुप्त निविदाओं से भ्रष्टाचार का आरोप

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने नगर निकायों में गुप्त निविदाएं लगाए जाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में जिन भाजपा नेताओं द्वारा गुप्त टेंडर का आरोप लगाया जाता था, आज वही नेता खुद उन्हीं तरीकों से भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

हरीश कवासी ने कहा कि आर्सेलर मित्तल स्टील कंपनी द्वारा शबरी नदी से पानी का दोहन किया जा रहा है, लेकिन इसके बदले प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कोई सहयोग नहीं दिया जा रहा है। पंचायतों को विकास कार्यों की राशि नहीं मिल रही। उन्होंने आरोप लगाया कि लौह अयस्क से निकलने वाला वेस्ट मटेरियल अवैध रूप से किरंदुल से सुकमा लाकर डंप किया जा रहा है, जिसके कारण गंभीर पर्यावरणीय नुकसान की आशंका है। इस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए।

### नवभारत साक्षरता अभियान रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी



**बीजापुर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आज कलेक्टर संबित मिश्रा ने साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जिले के सभी चार ब्लॉक मुख्यालयों सहित विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर आगामी 7 दिसंबर को आयोजित होने वाली बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन महापरीक्षा के लिए लोगों को जागरूक करेगा। कलेक्टर ने बताया कि महापरीक्षा 7 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षर सम्मिलित होंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले भर में सशक्त एवं प्रभावी प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को उल्लास शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया, जिला मिशन समन्वयक कमल दास झाड़ी, एपीसी जाकिर खान, साक्षरता मिशन के नोडल अधिकारी बसमैया अंगनपल्ली सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आईआईसी रीजनल मीट में एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक की सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एसएसआईपीएमटी रायपुर में आयोजित आईआईसी रीजनल मीट में एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा ने विशिष्ट उपस्थिति दर्ज कराई। जिसका उद्घाटन राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में संस्थान के आईआईसी अध्यक्ष राघवेंद्र धर दीवान ने प्राचार्य के मार्गदर्शन में कॉलेज का प्रतिनिधित्व किया। मीट के दौरान उन्होंने वर्षभर में किए गए नवाचार व उद्यमशीलता संबंधी कार्यों और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। विशेष उल्लेखनीय बात यह रही कि क्षेत्र के कुल 16 पोस्टरों में से केवल एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा ही ऐसा पॉलिटेक्निक संस्थान था जिसने न केवल पोस्टर प्रस्तुत किया, बल्कि मीट में सक्रिय रूप से उपस्थित होकर अपने कार्यों को साझा किया। प्राचार्य ने बताया कि यह कॉलेज के लिए गर्व का विषय है कि संस्था ने नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और आईआईसी गतिविधियों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है। यह सहभागिता संस्था की प्रतिबद्धता एवं कार्यों की गुणवत्ता को दर्शाती है और आने वाले समय में नवाचार गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगी।

■ प्राचार्य ने बताया यह कॉलेज के लिए गर्व का विषय

## आत्मसमर्पित नक्सली पहुंचे कलेक्टर कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिले में आत्मसमर्पित नक्सलियों ने आज एक बार फिर अपनी परेशानियां प्रशासन के सामने रखीं। भारी संख्या में पूर्व नक्सली बीजापुर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और समर्पण के बाद से अब तक रोजगार न मिलने पर नाराज़गी जताई।

गौरतलब है कि बीजापुर जिले के कोंडापल्ली और चेलरपाल क्षेत्र में सक्रिय जनताना सरकार से जुड़े तक़रीबन सौ के आसपास नक्सलियों ने हाल ही में आत्मसमर्पण किया था। शासन की पुनर्वास नीति के तहत इन्हें सुरक्षा, आर्थिक सहायता और रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान है, लेकिन आत्मसमर्पण के कई महीनों बाद भी इन पूर्व नक्सलियों को स्थायी रोजगार नहीं मिल पाया है। कलेक्टर कार्यालय पहुंचे पूर्व नक्सलियों ने बताया कि समर्पण के बाद उन्होंने मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया, लेकिन रोजगार न मिलने से उनका जीवन कठिनाई में है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द रोजगार उपलब्ध कराने और पुनर्वास संबंधी वादों को पूरा करने की मांग की है।

राज्य सरकार जहाँ एक ओर नक्सली प्रभावित इलाकों में आत्मसमर्पण अभियान को बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश कर रही है, वहीं दूसरी ओर समर्पित नक्सलियों के लिए रोजगार और पुनर्वास की व्यवस्था न होने से सवाल उठने लगे हैं, पिछले कुछ महीनों में कई नक्सलियों ने हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। प्रशासन ने इसे शांति स्थापना की दिशा में बड़ी सफलता बताया है। हालाँकि, समर्पित नक्सलियों का कहना है कि सरकार ने आत्मसमर्पण तो करवा दिया, पर रोजगार, प्रशिक्षण और पुनर्वास की जो योजनाएँ कागज़ों में थीं, वे ज़मीन पर नज़र नहीं आ रहीं।

आत्मसमर्पित नक्सली युवाओं ने बताया कि वे समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, लेकिन रोजगार के अभाव में उनका भविष्य अधर में लटक गया है। कई लोगों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें कौशल प्रशिक्षण, आजीविका सहायता और स्थायी नौकरी का अवसर दिया जाए, ताकि वे दोबारा हिंसा के रास्ते पर न लौटें। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी सरकार से पुनर्वास योजनाओं को तेजी से लागू करने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि सरकार ने समय पर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया, तो आत्मसमर्पण अभियान का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। बहरहाल, सच यह है कि आत्मसमर्पण के बाद रोजगार की कमी से कई युवाओं में निराशा बढ़ रही है।

## महिलाओं की आवाज़ होगी बुलंद,जेंडर समानता केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिला पंचायत संसाधन केंद्र जैतालूर मार्ग में जेंडर समानता केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे की उपस्थिति में जनपद पंचायत बीजापुर के अध्यक्ष सोनू पोटाम ने रिबन काटकर केंद्र का शुभारंभ किया।

केंद्र का उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और कानूनी रूप से सशक्त बनाना है। यहां लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन में तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने, जागरूकता अभियानों के संचालन, प्रशिक्षण व्यवस्था और विभिन्न विषयों पर शोध गतिविधियाँ संचालित की जाएँगी। उद्घाटन के अवसर पर जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम ने महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह केंद्र उनके लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा। जिला सीईओ नम्रता चौबे ने कहा कि जेंडर समानता केंद्र समाज में नई सोच, नई दिशा और नई चेतना का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित एनआरएलएम अधिकारियों, जीआरसी कैडर और स्व सहायता समूह की महिलाओं को अधिकाधिक महिलाओं तक अधिनियम और अधिकारों की जानकारी पहुँचाने हेतु प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र की स्थापना से समाज में सकारात्मक और संवेदनशील परिवर्तन देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर जनपद बीजापुर के उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, जनपद सदस्य धनेश्वरी बाकड़े, सरपंच अनीता कक्केम, जनपद बीजापुर सीईओ पीआर साहू, महिला संरक्षण अधिकारी शीला भारद्वाज, पुलिस विभाग से एएसआई पूनम शर्मा, डीपीएम एनआरएलएम सुश्री कल्पना दीप सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों की प्रतिभा, साहस और क्षमता सभी के लिए प्रेरणादायक : अटामी

हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा/गीदम




विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर गीदम स्थित एजुकेशन सिटी जावंगा में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की छुपी प्रतिभाओं को उजागर करते हुए, उनमें आत्मविश्वास, सामाजिक सहभागिता और आत्मसम्मान को मजबूत करना रहा। इस आयोजन में विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने भी अपने संबोधन में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति शुभकामनाएं देते हुए कहा यह बच्चे किसी भी प्रकार से कम नहीं हैं, बल्कि इनकी अंदरूनी प्रतिभा को निखारने और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। समाज का दायित्व है कि इन्हें समान अवसर, सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान किया जाए, ताकि ये अपने सपनों को साकार कर सकें।

■ क्षमता किसी शारीरिक कमी की मोहताज नहीं होती : नाहटा

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ये बच्चे किसी भी सामान्य बच्चे से कम नहीं हैं। बस आवश्यकता है सही मार्गदर्शन, सहयोग और अवसर की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे के भीतर कोई न कोई विशिष्ट गुण होता है, जिसे निखारकर समाज के सामने लाना हमारा सामूहिक दायित्व है।

उल्लेखनीय है कि समग्र शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में यहां विविध गतिविधियों और कार्यक्रमों जैसे मटका फोड़, बुच्ची बाल, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, के अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और बौद्धिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के मटकी फोड़ प्रतियोगिता से की गई, जिसे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक देखा और सराहा। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं डीएमसी हरीश गौतम, शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

#### प्रधानमंत्री के समक्ष प्रदर्शन करना काबिले तारीफ

मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन आप सभी के लिए अत्यंत विशेष है, क्योंकि यह दिन विशेष रूप से दिव्यांगजनों की प्रतिभा, साहस और क्षमता को सम्मान देने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि ईश्वर किसी को भी अधूरा नहीं बनाता, हर व्यक्ति के भीतर कुछ विशेष गुण और असाधारण क्षमताएँ होती हैं। यदि किसी में एक कमी होती है तो भगवान उसे उसकी पूर्ति के लिए अनेक शक्तियां भी प्रदान करते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि जिले के सक्षम विद्यालय के दिव्यांग छात्रों द्वारा घुड़सवारी में जिले का नाम रौशन किया जाना, साथ ही जिले के ही दिव्यांग छात्रों का देश के प्रधानमंत्री के समक्ष अपने हुनर का प्रदर्शन करना काबिले तारीफ है। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों द्वारा मटका फोड़, जलेबी दौड़ की प्रस्तुति की प्रशंसा की और इसे दिल को छू लेने वाला अनुभव बताया। उन्होंने कहा, "संगीत, तबला और ढोलक को इन बच्चों ने जिस खूबसूरती से बजाया है, वह अद्भुत है। अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर खुशी हुई कि ये बच्चे इशारों के माध्यम से संवाद और काम कर रहे हैं।

**पात्र दिव्यांगजन को सहायक उपकरणों का वितरण**

## दिव्यांगजन को मुख्यधारा से जोड़कर समानता स्थापित करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में एजुकेशन सिटी स्थित समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दिव्यांगजन ने उत्साहपूर्वक विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी, समाज कल्याण विभाग नारायण प्रसाद गवेल ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 1992 में समानता, समान अवसर, स्वावलंबन एवं सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस घोषित किया गया था। इसी क्रम में बीजापुर जिले में भी दिव्यांगजन को प्रोत्साहित करने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समर्थ केंद्र में आयोजित प्रतियोगिताओं में गोला फेंक, नींबू, चम्मच दौड़, 50 मीटर दौड़, तेज चाल, चित्रकला, समूह नृत्य जैसी गतिविधियाँ शामिल रहीं।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही पात्र दिव्यांगजन को सहायक उपकरण जैसे ट्राइसिकल, बैसाखी, वाकिंग स्टिक, वाकर एवं अन्य सहायक सामग्री वितरित की गई।

#### जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, नगरपालिका उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, विभिन्न जनपद सदस्यों, सरपंचों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई। सभी अतिथियों ने दिव्यांगजन को समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सम्मानपूर्वक एवं समानता के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।

### उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण



**बीजापुर।** जिले के उपार्जन केंद्रों का आज आकस्मिक निरीक्षण करते हुए डिप्टी कलेक्टर एवं खाद्य अधिकारी दिलीप उईके, जिला विपणन अधिकारी तामेश नागवंशी तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बीजापुर के नोडल अधिकारी छोटेलाल यादव ने उपार्जन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने किसानों से धान खरीदी एवं संग्रहण केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं पर चर्चा कर किए। तथा समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटरों को आवश्यक निर्देश दिए। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 20191 किसानों द्वारा 43,428.35 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत किया गया है। किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिले में 30 उपार्जन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक केंद्र पर बैठने एवं पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की गई है।

## खबर संक्षेप

### जिले के फार्मासिस्टों की हुई बैठक

**जगदलपुर।** शहर के महारानी अस्पताल परिसर के शहीद गुंडाधुर सभागार में बस्तर जिले में पदस्थ सभी फार्मासिस्टों की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के स्टोर प्रभारी हितेश पाढ़ी और महारानी अस्पताल के स्टोर प्रभारी विपुल सागर जग्गी द्वारा ऑनलाइन मेडिसिन इंडेन के द्वारा सीजीएमएससी को अपनी संस्था का मांग प्रेषित करने के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। स्टोर प्रभारी और डीआईओ डॉ. सी. मैत्री द्वारा सभी आवश्यक मेडिसिन के बारे में बताते हुए सीएचसी और पीएचसी के फार्मासिस्टों को अपने स्टाफ में रखें सभी दवाइयां के बारे में अध्यातन रिपोर्ट जिला कार्यालय प्रेषित करने और पिछले वित्तीय वर्ष से अब तक की स्टॉक पोजीशन के बारे में ऑनलाइन जानकारी भरने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन के जिला नोडल महेंद्र पांडे द्वारा भी लेबोरेटरी में उपयोगी होने वाली सभी प्रकार की रीजेंट और किट के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। एनसीडी के जिला सलाहकार हनी गडलीब द्वारा भी एनएसीडी कार्यक्रमों में लगने वाले सभी जीवन रक्षक औषधियों के बारे में वर्तमान स्थिति और आगामी दिनों के लिए मांग पत्र के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। एएमएम स्तर पर हो रही दवाइयां की आवश्यकता और पूर्ति के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

### एड्स से बचने जागरूकता जरूरी

**सुकमा।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय कोण्टा में जनजागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने, संक्रमित व्यक्तियों को सहयोग देने तथा इस बीमारी से खोए गए अमूल्य जीवन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से किया गया।
कार्यक्रम में प्रो. दुष्यंत कुमार प्राणीशास्त्र ने विद्यार्थियों को एड्स की शुरुआत, संक्रमण के कारण, बचाव के उपाय और आवश्यक सावधानियों पर विस्तृत एवं वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जागरूकता ही इस संक्रमण से बचाव का सबसे सशक्त माध्यम है।

# दिव्यांगजनों को आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने का लक्ष्य : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग ने बुधवार को आड़ावाल स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस आयोजन में विधायक किरण देव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उपस्थित सभी जनों को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि किरण देव और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसके तुरंत बाद दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय के बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में एक मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

**शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम**



### ट्राईसाइकिल दौड़ को दिखाई हरी झंडी

कार्यक्रम के अंत में विधायक तथा अन्य अतिथियों ने विद्यालय में दिव्यांग बच्चों की ट्राईसाइकिल दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान महापौर संजय पांडे, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य बिंदू साहू सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि, समाज कल्याण विभाग उपसंचालक सुचिता लकड़ा और अधीक्षक तारकेश्वर सिन्हा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक देव ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए कहा कि इस दिवस को मनाने का लक्ष्य दिव्यांगजन बच्चों और बड़ों में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ाना है। श्री देव ने बच्चों की प्रतिभा की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जिसका प्रमाण बच्चों द्वारा प्रदर्शित आकर्षक और मनमोहक चित्रकारी में साफ दिखता है। उन्होंने आगे कहा कि सभी बच्चे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की दक्षता रखते हैं और उन्हें केवल निखारने की आवश्यकता होती है। विद्यालय के विकास को लेकर विधायक ने एक महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आड़ावाल दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों के लिए शासन से राशि स्वीकृति हेतु प्राक्कलन तैयार कर पत्र भेजा जा चुका है, और जल्द ही शासन से स्वीकृति प्राप्त होगी।

### कठिन रास्तों से गुजरते हुए संवेदनशील जर्रामरका, हुर्रेंगवाली, पुसलंका, चिन्नाटोकामेटा व छोटेबोदली गांव पहुंचे

# बस्तर में एसआईआर कार्य के लिए नदी पहाड़ जंगलों को पार कर गांव पहुंचे बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अबुझमाड़ के इलाकों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य

बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों और बीजापुर जिले के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान और अबुझमाड़ के इलाकों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डाल नदी, जंगल और पहाड़ों को पार कर मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं। दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले के घने जंगलों, पहाड़ियों और नदियों को पार करते हुए घर-घर जाकर बीएलओ गणना प्रपत्र भर रहे हैं, ताकि हर मतदाता का नाम सटीक रूप से दर्ज हो सके। बताया जा रहा है कि बीजापुर जिला प्रशासन के नेतृत्व में जारी एसआईआर प्रक्रिया के तहत भैरमगढ़ विकासखंड के कुटरु क्षेत्र में बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) और कर्मचारी नाव से इंद्रावती पारकर जंगल, पहाड़ और कठिन रास्तों से गुजरते हुए संवेदनशील गांव जर्रामरका, हुर्रेंगवाली, पुसलंका, चिन्नाटोकामेटा और छोटेबोदली तक पहुंचे। ये ऐसे गांव है जहां पहुंचने के लिए कर्मचारियों को काफी परेशानियों से गुजरना पड़ा है, लेकिन एसआईआर का काम शत-प्रतिशत हो इसके लिए कर्मचारियों ने पूरे जी जान से मेहनत कर एसआईआर की प्रक्रिया को पूरा किया।

अलग खबर

**कठिन परिस्थितियों में भी हर मतदाता तक पहुंचने प्रयासरत**

### 80 फीसदी काम पूरा हो चुका

जिले के उप निर्वाचन अधिकारी एनआर गवेल ने बताया कि नदी पार करने, घने जंगलों से गुजरने और सुरक्षा जोखिमों के बावजूद एसआईआर के लिए दल ने अपना दायित्व पूरी निष्ठा से निभाया। उन्होंने बताया कि अभियान में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सूर्यकांत घरत, सीईओ जनपद पंचायत अभिषेक तंबोली, बीएलओ देवी लाल कंवर, आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं सहित अन्य सहयोगी सदस्य शामिल रहे। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 80 प्रतिशत एसआईआर का काम पूरा हो चुका है। वहीं 4 दिसंबर तक शेष 20 प्रतिशत कार्य पूरा कर लेने की पूरी संभावना है, जिसके लिए बीएलओ कर्मचारी पूरी तरह से जुटे हुए हैं।





### 300 से अधिक मतदाताओं तक पहुंचाया गणना पत्रक

बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया कि अबूझमाड़ के इलाके में कई किलोमीटर पैदल चलकर कर्मचारियों की टीम ने 300 से अधिक मतदाताओं तक गणना पत्रक पहुंचाए और इस दौरान बीएलओ ने मतदाताओं को पत्रक भरने में मदद भी की।

### फार्म भरवा रहे बीएलओ

नगर निगम जगदलपुर के एमआईसी के सदस्य संग्राम सिंह राणा ने बताया कि निगम में सवा लाख मतदाता है, जिसमें 103 मतदान केन्द्र हैं, जिनके लिए 103 बीएलओ पदस्थ किए गए हैं। सभी बीएलओ वार्ड में पहुंचकर मतदाता को एसआईआर देकर फार्म भरवा रहे हैं।

### एसआईआर प्रक्रिया पर मानसिक दबाव ज्यादा

एसआईआर को लेकर देशभर में बीएलओ पर काम दबाव के कारण आत्महत्या के मामले दिख रहे हैं, हालांकि बस्तर में ऐसी स्थिति नहीं है। साथ ही संभागीय मुख्यालय नगर निगम जगदलपुर के बीएलओ ने कहा कि एसआईआर को लेकर काम से दबाव है, लेकिन आत्महत्या की स्थिति नहीं है। रमैया वार्ड के बीएलओ चन्द्रधर पांडेय ने बताया कि मतदान केन्द्र में 901 मतदाता है, जिनका एसआईआर फार्म दिया जा रहा है, जिसमें अब तक लगभग 70 फीसदी लोगों ने फार्म भरकर दे दिया। वहीं लगभग 20 फीसदी लोगों को मिलने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें कई लोग वार्ड चले गए जिनकी जानकारी पड़ोसियों को भी नहीं है, ऐसे हालत मानसिकरूप दबाव ज्यादा है। दलपत सागर वार्ड के बीएलओ उमेश कुमार नेताम ने बताया कि उनके वार्ड में 1300 मतदाता हैं, जिसमें लगभग 800 लोगों का एसआईआर फार्म हो चुका और शेष लोगों की जानकारी ले रहे हैं। सभी बीएलओ ने कहा कि जो मतदाता का निवास छोड़ चले गए उनका एसआईआर फार्म कैसे भरेंगे, लेकिन उच्च अधिकारी कहते हैं कि काम सुस्त कर रहे हैं, काम पूरा करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

### बार-बार केवायसी प्रक्रिया से आमजन त्रस्त : चौधरी



**जगदलपुर।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार बार-बार नई प्रक्रिया थोपकर आम जनता को लाइन में खड़ा करने पर मजबूर कर रही है। कभी नवीनीकरण, कभी आधार लिंक, कभी केवाईसी-इन सभी चरणों से नागरिक लगातार परेशान हैं। सरकार का स्वयं का सिस्टम विश्वसनीय नहीं है, सर्वर बार-बार फेल होता है और जनमानस को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कुछ माह पूर्व ही राशन कार्ड नवीनीकरण और आधार लिंक की प्रक्रिया पूरी करवाई गई, उसके बाद एसाईआर के लिए लंबी कतारें लगीं, जिसकी प्रक्रिया अब तक समाप्त भी नहीं हुई थी कि पुनः नया आदेश जारी कर 8 दिसम्बर तक राशन कार्ड केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया। 3 दिसम्बर को जब राशन दुकानों में केवाईसी की प्रक्रिया के लिए हितग्राही पहुंचे, तो सरकार का सर्वर काम ही नहीं कर रहा था। कई घंटे इंतजार के बाद भी लिंक नहीं आया और दुकान संचालक शाम को दुकान बंद कर वापस लौट गए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लिंक फेल नहीं,बल्कि सरकार ही फेल" हो चुकी है और जनता को प्रक्रियाओं में उलझाकर अपनी नाकामियां छिपाने की कोशिश कर रही है। साथ ही महतारी वंदन योजना में भी आधार लिंक और केयावसी के नाम पर कई महिलाओं,विशेषकर बुजुर्ग माता-बहनों का भुगतान रोक दिया गया है।

# भैरमदेव वार्ड में नाली निर्माण अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पानी की सप्लाई बाधित वार्डवासी टैंकर पर निर्भर
- ठेकेदार की लापरवाही पर नाराजगी,निगम से हस्तक्षेप की मांग





भैरमदेव वार्ड में नाली निर्माण का कार्य पिछले एक माह से ठप पड़ा हुआ है, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिक निगम के ठेकेदार द्वारा पुराने नाली को जेसीबी से तोड़ दिया गया,लेकिन उसके बाद नए नाली निर्माण की शुरुआत तक नहीं की गई।

पुराने नाली को तोड़ने के दौरान गली स्थित कई घरों के पानी नल भी क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके चलते पिछले कई दिनों से पानी की नियमित सप्लाई बाधित है। नागरिक मजबूरी में टैंकर से पानी भरने को विवश हैं।

वार्ड की पार्षद त्रिवेदी रंधारी को स्थिति से अवगत कराया गया है, किंतु वार्डवासियों का कहना है कि केवल आश्वासन मिल रहा है, जबकि समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। दूसरी ओर ठेकेदार मुकेश गुप्ता से लगातार संपर्क के प्रयास किए गए,पर वे प्रतिदिन काम शुरू करने की बात कहकर मामले को टाल रहे हैं। लगातार बढ़ती परेशानी से नाराज वार्डवासी विनोद दास, निरंजन दास, प्रफुल्लचंद्र दास, चक्रपाणी रथ, नरेंद्र रथ, देवेंद्र महापात्र ने निगम प्रशासन से मांग की है कि ठेकेदार को हटाकर नाली निर्माण कार्य किसी सक्षम ठेकेदार को सौंपा जाए, ताकि गली की समस्या का शीघ्र समाधान हो सके। इस पूरे मामले में जब वार्ड पार्षद त्रिवेणी रंधारी से समस्या के निराकरण पर जानकारी लेने का प्रयास किया गया,तो उनका मोबाइल स्वीच ऑफ बताया।

### नागरिक पानी की समस्या से जूझ रहे

भैरमदेव वार्ड में नाली निर्माण ठप रहने से नागरिक पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पुराने नाली को तोड़ने के बाद नया नाली निर्माण शुरू न होने और घरों के नलों के क्षतिग्रस्त हो जाने से पानी सप्लाई बाधित है। नागरिक टैंकर पर निर्भर हैं और पार्षद को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ठेकेदार से संपर्क पर रोज-रोज आश्वासन मिला, लेकिन काम नहीं शुरू हुआ। वार्डवासी अब निगम प्रशासन से ठेकेदार को हटाकर किसी अन्य सक्षम ठेकेदार को काम देने की मांग पर अड़े हैं,ताकि गली की समस्या जल्द दूर हो और नियमित पानी सप्लाई बहाल हो सके।




### विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस पर तकनीकी उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी एवं कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। उद्देश्य था विद्यार्थियों में कंप्यूटर ज्ञान, डिजिटल साक्षरता, आधुनिक तकनीकों की समझ और तकनीकी कौशल विकसित करना, ताकि वे तेजी से बदलती डिजिटल दुनिया में उभरते अवसरों को पहचान सकें।

मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि डिजिटल साक्षरता अब आवश्यकता है। उन्होंने कम्प्यूटिंग के मूल सिद्धांतों,साइबर सुरक्षा की जरूरत,डिजिटल उपकरणों के जिम्मेदार उपयोग तथा नवाचार पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यापक प्रभाव स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, वित्त और कृषि पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को एआई, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग जैसे उभरते क्षेत्रों में कौशल विकसित करने की प्रेरणा दी। पोस्टर प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने डिजिटल इंडिया,एआई फॉर गुड, साइबर सुरक्षा,क्लाउड कंप्यूटिंग और स्मार्ट टेक्नोलॉजी जैसे विषयों पर रचनात्मक कार्य प्रस्तुत किए।

हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि